## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 29.05.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा चोरियों की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया हुआ माल बरामद।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना बिसण्डा क्षेत्र के लोधनपुरवा कस्बा बिसण्डा में दिनांक 27.05.2025 की रात्रि को तथा ग्राम पारा में दिनांक 26/27.05.2025 की रात्रि को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की गई थी। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बिसण्डा में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में कल दिनांक 28.05.2025 को देर शाम थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को व्यास का पुरवा मोड़ कस्बा बिसण्डा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा दोनों जगहों पर चोरी करने की घटना स्वीकार की गई, तथा उसके कब्जे से चोरी के माल बरामद हुए है।

**बरामदगी-**

- चोरी किये गये सफेद धातु के 836 ग्राम आभूषण (पायल, करधनी, बिछुआ, चूड़ा आदि)
- 670 रुपये (चोरी के)

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. राजकुमार पुत्र मैकू निवासी व्यास का पुरवा थाना बिसंडा जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री प्रशान्त त्यागी
2. म0उ0नि0 श्री काजुल देवी
3. कां0 आशुतोष यादव
4. कां0 धर्मेन्द्र चौहान
5. कां0 सौरभ यादव
6. कां0 राहूल साहू